# बदहाल यातायात को लेकर हाईकोर्ट नाराज

**अधिकारियों को कहा- सड़क पर काम दिख नहीं रहा**

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मंगलवार को हाईकोर्ट ने शहर के यातायात को लेकर कहा कि सड़क पर कहीं काम दिख नहीं रहा है. यातायात जाम सहित गलत नंबर प्लेट, बिना नंबर, वाहन नज़र आ रहे हैं. हूटर, सायरन हाईकोर्ट के सामने ही बज रहे है. आखिर शहर के यातायात पर गंभीरता से कब काम होगा?**

शहर के बदहाल यातायात को लेकर आज हाईकोर्ट ने विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई हुई. जस्टिस संजीव भट्ट और जस्टिस गजेंद्र सिंह की डबल बेंच ने सुनवाई के दौरान अधिकारियों से कहा कि आपकी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है. गलत नंबर प्लेट, बिना नंबर वाहन दिखाई दे रहे है. शहर के सभी इंट्री वाली सड़कों पर यातायात पुलिस तैनात नहीं है. सुप्रीम कोर्ट के निर्देश है कि भारी वाहनों का दिन में प्रवेश प्रतिबंधित है. इसका पालन क्यों नहीं किया जा रहा है. हाईकोर्ट के सामने ही हूटर और सायरन बजते हुए वाहन गुज़रते देखे हैं. शहर में कितनी जगह कैमरे लगे और कितने यातायात पुलिस जवान तैनात है? इसकी जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई, अभी तक. इस पर अधिकारियों ने बताया कि 660 कैमरे लगे है और इतने ही जवान तैनात हैं. हाईकोर्ट में शहर के बदहाल यातायात को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बागड़िया ने राजलक्ष्मी फाउंडेशन, वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष यादव और आनस मकरानी सहित कई याचिकाएं लगी हुई है. हाईकोर्ट ने आज सुनवाई उक्त मामले में अधिकारियों को जमीन पर काम करने और व्यवस्था दुरुस्त करने की कार्रवाई के निर्देश दिए है. अगली सुनवाई 28 सितंबर को होगी.

### भागीरथपुरा की रिपोर्ट पर सुनवाई आगे बढ़ी

इंदौर. शहर में भागीरथपुरा दूषित पानी कांड की रिपोर्ट अभी सार्वजनिक नहीं होगी. इसका कारण यह है कि रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई आगे बढ़ा दी गई है. उक्त मामले की रिपोर्ट को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई 21 सितंबर को होगी. भागीरथपुरा दूषित पानी से 36 लोगों की मौत को लेकर एक सदस्यीय जांच आयोग ने रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश कर दी है. उक्त रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं करने का भी कहा है. इस मामले को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष यादव, प्रमोद द्विवेदी और अधिवक्ता रितेश ईनाणी ने रिपोर्ट सार्वजनिक करने की इंटरविनर याचिका दायर की है. दोनों याचिकाओं में अधिवक्ताओं ने लाइव स्ट्रीमिंग की मानव भी की है. अधिवक्ता मनीष यादव ने बताया हाईकोर्ट की अस्थाई डबल बेंच ने याचिका पर सुनवाई करने से मना कर दिया है. यह कहा कि हाईकोर्ट डबल बेंच जस्टिस आलोक अवस्थी और जस्टिस सुबोध अभ्यंकर स्थाई बेंच में सुनवाई होगी।21 सितंबर को मामले की सुनवाई होगी.

# कुंजी से परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों की कॉपियां दोबारा जांचना मुश्किल

- जनसुनवाई में आए 30 मामले, 20 विद्यार्थियों ने मांगा गोपनीय परिणाम
- आरटीआई के तहत 700 कॉपियां निकलीं, 8-10 में ही बदले अंक



नवभारत न्यूज़

**इंदौर. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में करीब 30 मामले सामने आए. इनमें लगभग 20 मामले ऐसे विद्यार्थियों के थे, जिन्होंने एमबीए में प्रवेश की अंतिम तिथि नजदीक होने के कारण गोपनीय परिणाम जारी करने का अनुरोध किया.**

परीक्षा नियंत्रक आशीष तिवारी ने बताया कि बीकॉम तृतीय वर्ष का परिणाम एक-दो दिन में जारी कर दिया जाएगा, जबकि बीए और बीएससी तृतीय वर्ष के परिणाम में कुछ समय लग सकता है. ऐसे विद्यार्थियों को फिलहाल गोपनीय परिणाम उपलब्ध कराया जा रहा है. उन्होंने बताया कि कुछ विद्यार्थी पुनर्मूल्यांकन के परिणाम से संतुष्ट नहीं होने पर आरटीआई के तहत उत्तरपुस्तिका लेकर दोबारा जांच की मांग कर रहे हैं. विश्वविद्यालय की व्यवस्था के अनुसार उत्तरपुस्तिका को तीसरे परीक्षक से जांच कराया जा सकता है, लेकिन इसके लिए प्रमाणित पाठ्यपुस्तक प्रस्तुत करना जरूरी है.

तिवारी के अनुसार कई विद्यार्थी पाठ्यपुस्तक के बजाय 'कुंजी' या गाइड लेकर पहुंच रहे हैं. ऐसी सामग्री के आधार पर उत्तरपुस्तिका की दोबारा जांच नहीं कराई जा सकती. उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे आईएसबीएन नंबर वाली प्रमाणित पाठ्यपुस्तकों से ही अध्ययन करें.

उन्होंने बताया कि अब तक आरटीआई के तहत करीब 600 से 700 उत्तरपुस्तिकाएं विद्यार्थियों को दिखाई या उपलब्ध कराई गई हैं. इनमें से केवल 8 से 10 मामलों में अंक बदले गए हैं. इनमें भी बदलाव इतना नहीं हुआ कि विद्यार्थी उत्तीर्ण हो जाएं. विश्वविद्यालय का कहना है कि मूल मूल्यांकन और पुनर्मूल्यांकन में अधिकांश उत्तरपुस्तिकाओं की जांच उचित तरीके से हुई है. परीक्षा नियंत्रक ने कॉलेज प्राचार्यों से भी विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों से पढ़ने के लिए प्रेरित करने और कुंजी आधारित अध्ययन को हतोत्साहित करने की अपील की है.

# अब मोबाइल पर पढ़ सकेंगे एमपी के विद्यार्थी, आज से ई-ज्ञानसेतु पर मिलेंगे वीडियो व्याख्यान

## उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार करेंगे चैनल का शुभारंभ, 2305 वीडियो हो चुके तैयार

नवभारत न्यूज़

इंदौर. प्रदेश के विद्यार्थियों को अब पढ़ाई के लिए गुणवत्तापूर्ण डिजिटल सामग्री आसानी से उपलब्ध हो सकेगी. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा तैयार किए जा रहे वीडियो व्याख्यान 'ई-ज्ञानसेतु' यूट्यूब चैनल पर आज से उपलब्ध होंगे. उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार आज बुधवार शाम 5 बजे चैनल का शुभारंभ करेंगे. कार्यक्रम का सीधा प्रसारण गूगल मीट और ई-ज्ञानसेतु यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा.

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत प्रदेश के संभागीय मुख्यालयों में बनाए गए 10 डिजिटल स्टूडियो में स्नातक स्तर के विभिन्न विषयों के वीडियो व्याख्यान तैयार किए जा रहे हैं. कला, विज्ञान और वाणिज्य सहित कई विषयों के अब तक 2305 वीडियो तैयार किए जा चुके हैं, जबकि 954 वीडियो का संपादन पूरा हो चुका है. इन वीडियो में विद्यार्थियों की रुचि बनाए रखने के लिए चित्रात्मक सामग्री और डिजिटल दृश्य का इस्तेमाल किया गया है. खास बात यह है कि सामग्री प्रदेश के शासकीय विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापकों ने तैयार की है. विद्यार्थियों तक पहुंचने से पहले प्रत्येक वीडियो की विषयवस्तु, पाठ्यक्रम से संबद्धता और शैक्षणिक गुणवत्ता की जांच विशेषज्ञ मंडल द्वारा की जाएगी.

### क्षेत्रीय भाषाओं में भी तैयार किए वीडियो

प्रदेश की भाषाई विविधता को ध्यान में रखते हुए बघेली, बुंदेली, मराठी और संस्कृत जैसी क्षेत्रीय भाषाओं में भी वीडियो तैयार किए गए हैं. विद्यार्थी मोबाइल, कंप्यूटर और टैबलेट के जरिए अपनी सुविधा के अनुसार इन्हें देख सकेंगे. इससे कठिन विषयों को दोबारा समझने और परीक्षा की तैयारी में भी मदद मिलेगी. उच्च शिक्षा मंत्री के निर्देश के बाद अब सत्यापन पूरा कर चुके वीडियो को चरणबद्ध तरीके से चैनल पर जारी किया जाएगा.

# मेस व्यवस्था और मेडिकल सुविधा को लेकर एबीवीपी का प्रदर्शन

- प्रशासन ने जल्द कार्रवाई का दिया भरोसा
- मेस के खाने में कीड़े मिलने की शिकायत
- चार घंटे बाद प्रशासन ने दिया कार्रवाई का आश्वासन





नवभारत न्यूज़

**इंदौर. सेज यूनिवर्सिटी के गर्ल्स हॉस्टल की मेस में भोजन में बार-बार कीड़े मिलने की शिकायत को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन किया. देवेश गुर्जर के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में छात्राओं ने भी बड़ी संख्या में शामिल होकर मेस व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग उठाई.**

छात्राओं का आरोप था कि पहले भी भोजन में कीड़े मिलने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी हुई है. प्रदर्शन के दौरान हॉस्टल का मेडिकल रूम लंबे समय से बंद होने का मुद्दा भी उठाया गया. एबीवीपी ने इसे तत्काल शुरू कर नियमित डॉक्टर की व्यवस्था करने की मांग की. करीब चार घंटे चले प्रदर्शन के बाद सेज विश्वविद्यालय प्रशासन मौके पर पहुंचे और छात्राओं व विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधियों से चर्चा की. अधिकारी ने मेस के वर्तमान ठेकेदार का टेंडर बदलने की प्रक्रिया शुरू करने और मेडिकल रूम खुलवाकर डॉक्टर की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया.

वहीं, सेज यूनिवर्सिटी की डायरेक्टर मीडिया जमुना मिश्रा ने कहा कि मेस संचालक ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि इस तरह की शिकायत दोबारा नहीं आनी चाहिए. भविष्य में शिकायत मिलने पर कॉलेज प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा. उन्होंने कहा कि मेस में बड़ी संख्या में विद्यार्थी और स्टाफ भोजन करते हैं, इसलिए भोजन में कीड़े मिलने की शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा और प्रशासन इसकी जांच करेगा.

### स्वास्थ्य और सुविधाओं से समझौता बर्दाश्त नहीं

एबीवीपी के महानगर मंत्री देवेश गुर्जर ने कहा कि छात्राओं के स्वास्थ्य और सुविधाओं से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन को जल्द अमल में लाया जाना चाहिए.

एक नजर में

## ओम गैलेक्सी का आईपीओ 10 सितंबर को खुलेगा




इंदौर. ओम गैलेक्सी लिमिटेड एक प्रिसीजन मोल्ड डिजाइन, डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है, जो बिल्डिंग मटेरियल्स मुख्य रूप से पाइप, फिटिंग्स और सैनिटरीवेयर तथा प्लास्टिक और पॉलिमर प्रोसेसिंग उद्योगों को सेवाएं प्रदान करती है. कंपनी अपने इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) को 10 सितंबर को खोलेगी. कंपनी ऊपरी प्राइस बैंड पर 105 करोड़ जुटाने का लक्ष्य रखती है और इसके शेयर बीएसई एसएमई पर सूचीबद्ध किए जाएंगे. इश्यू साइज 5 रुपए अंकित मूल्य वाले 1,16,67,200 इक्विटी शेयरों का है, जिसका प्राइस बैंड 85-90 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया है. ओम गैलेक्सी लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर ओपिंदरसिंह बचत्तरसिंह बध्धन ने कहा हमारे इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) का खुलना उस यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जिसकी शुरुआत 2008 में एक सिंगल मोल्ड-मेकिंग यूनिट से हुई थी. पिछले 17 वर्षों में हमने पाइप फिटिंग, औद्योगिक और ऑटोमोटिव मोल्ड्स के क्षेत्र में प्रिसीजन टूलिंग क्षमता विकसित की है. फ्रेश इश्यू से प्राप्त राशि का उपयोग हमारी मौजूदा मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स को एक सिंगल स्वामित्व वाली सुविधा में समेकित करने, स्थापित उत्पादन क्षमता का विस्तार करने और ऋण को कम करने के लिए किया जाएगा. इंडोरिएंट फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक प्रशांत ढेबर ने कहा ओम गैलेक्सी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024 से वित्त वर्ष 2026 के दौरान लगातार वृद्धि दर्ज की है, जिसे एक स्थिर ग्राहक आधार से मिलने वाले दोहराए गए कारोबार और अपनी सुविधाओं में बेहतर क्षमता उपयोग से समर्थन मिला है.

## प्राइम वीडियो ने हार्टबीट्स सीज़न 2 का ट्रेलर रिलीज़ किया

इंदौर. प्राइम वीडियो ने आज एमएक्स ओरिजिनल 'हार्टबीट्स सीजन 2' का ट्रेलर जारी किया. इसके साथ दर्शक एक बार फिर वेरिडियन अस्पताल की रोमांचक दुनिया में पहुंचेंगे. इस सीजन में रिश्ते और गहरे होंगे, तनाव और बढ़ेगा और एक खास मार्गदर्शन का मौका पहले से ही तनावपूर्ण माहौल में प्यार की नई चिंगारी पैदा करेगा. 20 एपिसोड वाले इस मेडिकल ड्रामा-कॉमेडी का निर्देशन तन्मय रस्तोगी ने किया है. इसकी कहानी अमोघ रणदिवे और गरिमा कुंज़रू ने लिखी है और इसका निर्माण रस्क मीडिया ने किया है. हार्टबीट्स सीजन 2 में हर्ष बेनीवाल और शिवांगी जोशी के साथ रोहन गुरबक्सानी, युवराज दुआ, नकिया हाजी, अंकित सिवाच और अदिति शर्मा भी नजर आएंगे. हार्टबीट्स सीजन 2 का प्रीमियर 9 सितंबर से विशेष रूप से और मुफ्त में प्राइम वीडियो और एमएक्स प्लेयर एंड्रॉइड ऐप पर होगा. सीरीज़ के बारे में अमोघ, डायरेक्टर और हेड ऑफ एवीओडी कंटेंट, प्राइम वीडियो इंडिया, ने कहा प्राइम वीडियो में हमारा मानना है कि दर्शकों के लिए ऐसी कहानियाँ पेश की जानी चाहिए, जो उन्हें एक नया और मनोरंजक नज़रिया दें. हार्टबीट्स की खासियत हमेशा सफेद कोट पहने डॉक्टरों की जिम्मेदारियों और उनके पीछे छिपी निजी जिंदगी के बीच की कहानी को दिखाने में रही है.

## एल्सटॉम ने इंदौर में मेट्रो के लिए राजस्व ऑपरेशन शुरू किया

इंदौर. एल्सटॉम ने इंदौर मेट्रो यलो लाईन के अगले चरण के लिए राजस्व ऑपरेशन शुरू किए. मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) के साथ एल्सटॉम के कॉन्ट्रैक्ट के अंतर्गत 52 मोविया मेट्रो ट्रेन की डिलीवरी की जानी है, जिसमें सिग्नलिंग ट्रेन कंट्रोल और टेलीकम्युनिकेशन सिस्टम के 7 सालों के मेंटेनेंस के साथ 15 सालों की कंप्रेहेंसिव मेंटेनेंस सेवाएं शामिल हैं. एल्सटॉम भारत में एकमात्र मल्टीनेशनल सस्टेनेबल मोबिलिटी प्रदाता कंपनी है, जिसके पास ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप एक विस्तृत पोर्टफोलियो है. एल्सटॉम इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, ओलिवियर लोइसन ने कहा, एल्सटॉम के सॉल्यूशंस के साथ सुपर प्रायरिटी कॉरिडोर के सफल लॉन्च के बाद इस बड़ी उपलब्धि से इंदौर में मेट्रो नेटवर्क की पहुँच का विस्तार होगा. हमें भारत से ट्रेन की डिलीवरी, एडवांस्ड सिग्नलिंग सिस्टम और मेंटेनेंस प्रदान करने के लिए इस प्रोजेक्ट में मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ पार्टनरशिप करने पर गर्व है. इससे इंदौर के लोगों को सस्टेनेबल, एफिशिएंट और स्मार्ट ट्रांजिट सिस्टम प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है.

## अमेज़न ने क्रिएटर कनेक्शंस लॉन्च किया

इंदौर. अमेज़न ने आज भारत में क्रिएटर कनेक्शंस लॉन्च करने की घोषणा की है, जो एलिजिबल क्रिएटर्स को सीधे प्रासंगिक ब्रांड अभियानों से जोड़ने और परफॉर्मेंस-आधारित भागीदारी के माध्यम से कमाई के अतिरिक्त अवसर खोलने के लिए डिज़ाइन किया गया एक नया प्रोग्राम है. यह प्रोग्राम अमेज़न के 1.65 लाख से अधिक क्रिएटर्स के बढ़ते क्रिएटर समुदाय में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा. क्रिएटर कनेक्शंस क्रिएटर्स के प्रोफाइल, दर्शकों और कंटेंट के आधार पर अभियानों की सिफारिश करके ब्रांड सहयोग में उनके भाग लेने को आसान बनाता है. अमेज़न के सोशल कॉमर्स- इमर्जिंग कंट्रीज की हेड, निधि ठक्कर ने कहा आज के क्रिएटर्स कमाई के ऐसे अवसरों की तलाश में हैं जो पारदर्शी, फायदेमंद हों और उस वैल्यू के अनुरूप हों जो वे अपने दर्शकों के लिए पैदा करते हैं. क्रिएटर कनेक्शंस को एलिजिबल क्रिएटर्स को उनकी कंटेंट और रुचि से मेल खाने वाले प्रासंगिक ब्रांड अभियानों से जोड़कर उस यात्रा को सरल बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है. भागीदारी और कन्वर्शन दोनों को पुरस्कृत करके, हम क्रिएटर्स को कमाई के अधिक अवसरों को खोलने में मदद कर रहे हैं, साथ ही, वे उस प्रामाणिक कंटेंट को बनाना जारी रख सकते हैं जिस पर उनके दर्शक भरोसा करते हैं.

# झांकी निर्माण के लिए मिल संगठनों को सौंपे 2-2 लाख के चेक

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम महापौर और सामान्य प्रशासन प्रभारी ने आज मिलों की झांकी निर्माण समितियों को दो-दो लाख रुपए के चेक सौंप दिए. नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष गणेश विसर्जन चल समारोह के लिए झांकी निर्माण हेतु पांचों मिल संगठन को सहायता राशि दी जाती है.**

सामान्य प्रशासन प्रभारी नंदकिशोर पहाड़िया ने बताया कि अनंत चतुर्दशी पर शहर के मिल मजदूरों द्वारा ऐतिहासिक एवं गौरवशाली परंपरा जीवित रखने के लिए झांकियों का निर्माण किया जाता है. महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा इंदौर की हुकमचंद मिल, स्वदेशी मिल, कल्याण मिल, मालवा मिल एवं राजकुमार मिल



झांकी निर्माण हेतु नगर निगम की ओर से 2-2 लाख रुपए के चेक मिल प्रतिनिधियों को सौंपे गए हैं. इस मौके पार्षद संध्या यादव, सोनाली धारकर मिल संगठन के नरेंद्र श्रीवंश, कन्हैयालाल मरमट, हरनाम सिंह धारीवाल, कैलाश कुशवाह, दिलीप माथुर एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे.



# गणेश उत्सव के तीन पंडाल होंगे सम्मानित

नव भारत न्यूज


**इंदौर. शहर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर नगर निगम इस साल भी ग्रीन गणेशोत्सव का आयोजन कर रहा है. इसके तहत शहर के तीन गणेश पांडाल को सम्मानित किया जाएगा.**

शहर में 14 सितंबर से गणेशोत्सव शुरू हो रहा है. इसको स्वच्छ, सुंदर, पर्यावरण-अनुकूल एवं शून्य अपशिष्ट बनाने के उद्देश्य से ग्रीन गणेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा. अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने गणेश समितियों एवं पंडाल आयोजकों को पंडाल संचालकों के साथ आज बैठक की. बैठक में जीरो वेस्ट बनाने, मिट्टी की गणेश प्रतिमा स्थापित करने तथा पंडाल की सजावट एवं अन्य व्यवस्थाओं में 3 आर एवं पर्यावरण-अनुकूल सामग्री का उपयोग करने का कहा है. ग्रीन गणेश उत्सव के तहत शहर के सर्वश्रेष्ठ 3 गणेश पंडालों का चयन कर नगर निगम द्वारा सम्मानित किया जाएगा.

# वैष्णव स्कूल के हीरक समारोह का निमंत्रण राष्ट्रपति को

**इंदौर/ नई दिल्ली.** स्किल-बेस्ड क्वालिटी एजुकेशन के लिए संकल्पित शहर के श्री वैष्णव ग्रुप की इकाई श्री क्लॉथ मार्केट वैष्णव हायर सेकेंडरी स्कूल आज एक विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुकी है. संस्था द्वारा अपनी सफलता के गौरवशाली 75 वर्ष पूर्ण करने की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में एक विशेष समारोह का आयोजन किया जा रहा है.

इस गौरवशाली अवसर पर श्री वैष्णव शैक्षणिक एवं पारमार्थिक न्यास के अध्यक्ष पुरुषोत्तम दास पसारी तथा सचिव गिरधरगोपाल नागर ने इंदौर के सांसद शंकर लालवानी के साथ नई दिल्ली में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी से सौजन्य भेंट की. भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को इस हीरक समारोह में मुख्य अतिथि के



रूप में सम्मिलित होने का व्यक्तिगत आमंत्रण पत्र सौंपा, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया. इस दौरान महामहिम को शहर में संस्था द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षणिक व सामाजिक गतिविधियों की जानकारी भी दी गई, जिससे वे अत्यंत प्रभावित हुईं. इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी ने राष्ट्रपति को संस्था के प्रतीक स्वरूप वटवृक्ष की एक सुंदर कलाकृति भी भेंट की.

# सुपर कॉरिडोर के पास नया बिजली ग्रिड, 5 हजार उपभोक्ताओं को फायदा

**2.10 करोड़ की लागत से बना 5 एमवीए सब स्टेशन, पुराने ग्रिड पर घटेगा लोड**



नवभारत न्यूज़

**इंदौर. सुपर कॉरिडोर, बरदरी और लवकुश चौराहा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी. मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने लवकुश चौराहा के पास 33/11 केवी का नया सब स्टेशन तैयार किया है.**

2.10 करोड़ रुपए की लागत से आरडीएसएस के तहत बने 5 एमवीए क्षमता के इस ग्रिड से करीब पांच हजार घरेलू, गैर घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा. नए ग्रिड से पुराने सब स्टेशनों पर लोड कम होगा, जिससे आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति में सुधार होगा. वहीं 11 केवी फीडरों की लंबाई घटने से लाइन फाल्ट भी कम होने की उम्मीद है. भविष्य में क्षेत्र में बिजली की मांग बढ़ने पर भी इसकी पूर्ति आसानी से की जा सकेगी. इंदौर ग्रामीण वृत्त के अधीक्षण यंत्री डॉ. डीएन शर्मा ने बताया कि सांवेर विधायक एवं मंत्री तुलसीराम सिलावट के प्रस्ताव पर कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने ग्रिड को मंजूरी दी थी. निर्माण कार्य कम समय में पूरा किया गया है.

एक नजर में | आरंभ 2026 में विद्यार्थियों को मिला सफलता का मंत्र

# आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी

नवभारत न्यूज़

**इंदौर.** नए सपनों और उम्मीदों के साथ कॉलेज पहुंचे नवप्रवेशित विद्यार्थियों का मालवा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं अल्टियस इंस्टीट्यूट ऑफ यूनिवर्सल स्टडीज में 'आरंभ 2026' इंडक्शन समारोह के जरिए स्वागत किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ करियर और व्यक्तित्व विकास के लिए भी प्रेरित किया गया.

मुख्य अतिथि एआईसीटीई के उप निदेशक डॉ. सी. एस. वर्मा ने तकनीकी शिक्षा में हो रहे बदलावों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों से लगातार नए कौशल सीखने और



नैतिक मूल्यों को साथ लेकर चलने का आह्वान किया. मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. संदीप आत्रे ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को सफलता की कुंजी बताया. उन्होंने चुनौतियों से घबराने के बजाय उनका सामना करने की सीख दी. उद्यमी अंकित अग्रवाल ने विद्यार्थियों को अवसर तलाशने और नवाचार के साथ उद्यमशील सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं. समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई. डायरेक्टर डॉ. एम. एस. मूर्ति ने विद्यार्थियों का स्वागत किया. आयोजन में संस्थान के चेयरमैन एच. एस. भाटिया, प्रबंधन सदस्य, विभागाध्यक्ष और फैकल्टी सदस्य मौजूद रहे.



# विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बताए

**इंदौर.** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एनसीबी और नारकोटिक्स विंग ने होल्कर साइंस कॉलेज के विद्यार्थियों को सिंथेटिक ड्रग्स सहित सभी प्रकार के नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया. विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई.

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि नशा स्वास्थ्य के साथ आर्थिक भविष्य, सामाजिक प्रतिष्ठा और पारिवारिक जीवन को भी प्रभावित करता है. एनसीबी की ओर से निरीक्षक गौरव कुमार और नारकोटिक्स विंग मध्यप्रदेश पुलिस की ओर से उप निरीक्षक अजय कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी दी. अधिकारियों ने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ और सुरक्षित समाज के निर्माण में योगदान देने की अपील की.